विरोध करने वाले पहलवानों की तिकड़ी बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को किसी भी भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क करेंगे। **-संजय सिंह**

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष, पहलवानों के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

आर. अश्विन

भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को जैक क्रॉली को आउट कर आर अश्विन ने 500 टेस्ट विकेट हासिल किया। इस विकेट के साथ ही अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले नौवें पुरुष और दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। 37 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने 98वें टेस्ट में यह कारनामा करने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज है । उल्लेखनीय है कि नवंबर 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन घरेलू धरती पर बेहतरीन प्रदर्शन रहा हैं। पिछले एक दशक में अश्विन ने 34 बार पांच विकेट तथा आठ मैचों में दस या उससे अधिक विकेट लिए हैं।

क्या आप जानते हैं ?... ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीटवुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 37 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को मिले जुर्माने के पांच रन

राजकोट 16 फरवरी। भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ते हुए पाये जाने पर पांच रन का जुर्माना लगाया है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर भारत को चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में पांच पेनल्टी रन उस समय दिये गये जब भारत का स्कोर सात विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े लेकिन ध्रुव जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिख रहे थे। इस पेनाल्टी के कारण इंग्लैंड राजकोट टेस्ट में पहली पारी की शुरुआत पांच रन शून्य विकेट के साथ करेगा। नियम 41.14 में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें कहा गया है, पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षित पहुंचाना अनुचित है। यदि स्ट्राइकर गेंद खेलते या खेलते समय संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश करता है, तो उसे उसके तुरंत बाद वहां से हट जाना चाहिए। यदि कोई अंपायर मानता है कि पिच पर उसकी उपस्थिति उचित कारण के बिना है तो बल्लेबाज को क्षित पहुंचाने वाला माना जाएगा।

महिला हॉकी टीम सकारात्मक सोच के साथ ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से करेगी मुकाबला

राउरकेला, 16 फरवरी। भारतीय महिला हॉकी टीम सकारात्मक सोच के साथ एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और रविवार को अमेरिका से भिड़ेगी। भारतीय कप्तान सविता ने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछला मुकाबला हार गए थे लेकिन इस बार हमारा ध्यान जीत हासिल करने पर है और हम अपना शत प्रतिशत देंगे। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया हमारे समान शैली में खेलता है। उनकी फिनिशिंग शानदार है। हमारा लक्ष्य उन्हें रोकना और आमने-सामने की लड़ाई जीतना होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसने पांच में से चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पहले मैच में चीन के खिलाफ 1-2, नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर चरण के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया को हाल के दिनों में भारत के खिलाफ अधिक अनुकूल परिणाम मिले हैं, जिसमें इस महीने की शुरुआत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर चरण में 3-0 की जीत भी शामिल है, लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम अपनी 1-0 की जीत को दोहराने की कोशिश करेगी।

टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में भारतीय महिला टीम शुरुआती मुकाबले में चीन से हारी

बुसान, 16 फरवरी। भारतीय महिला टीम को विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल 2024 के ग्रुप एक के अपने शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को चीन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा है। दक्षिण कोरिया के बुसान में खेले जा रहे मुकाबले में भारत के अयहिका मुखर्जी ने चीन के सुन यिंग्शा को 3-1 (12-10, 2-11, 13-11, 11-6) से हराकर शानदार शुरुआत की। विश्व में 36वें नंबर की भारत की शीर्ष एकल खिलाड़ी मनिका बत्रा मुकाबले के दूसरे मैच में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वांग मन्यु से 1-3 (3-11, 8-11, 15-13, 7-11) से हार गईं। तीसरे मुकाबले में श्रीजा अकुला ने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग यिडी को 3-0 (11-7, 11-9, 13-11) से हराकर भारत को फिर से बढ़त दिलाई। सुन यिंग्शा ने मनिका पर चार गेमों में 3-1 (11-3, 11-6, 11-13, 11-9) की कठिन जीत के साथ टीम को स्थिर करने के लिए कदम बढ़ाया। स्कोर 2-2 से बराबर होने पर वांग मन्यु ने अयहिका को 3-0 (11-9, 13-11, 11-6) से हराकर मैच समाप्त कर दिया। भारतीय महिलाएं मैच रविवार को हंगरी के खिलाफ मुकाबला करेंगी। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन शरत कमल की अगुवाई में भारतीय पुरुष टीम शनिवार को चिली के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

विश्व स्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर व सुविधाएं निश्चित समय सीमा में विकसित करें : रतूड़ी

देहरादून, 16 फरवरी। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज खेल विभाग को राज्य में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर हुए विश्व स्तरीय खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं निर्धारित समयसीमा में विकसित करने के निर्देश दिये। आज यहां सचिवालय में 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए गठित उच्चाधिकार समिति (एचपीसी) की बैठक रतूड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखण्ड को ग्रीन स्पोर्ट्स तथा ग्रीन टूरिज्म के विश्व स्तरीय मेजबान के रूप में स्थापित करने का स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने राज्य में खेल सुविधाओं एवं खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने राज्य में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों को एण्टी ड्रग्स अभियान, ग्रीन नेशनल गेम्स तथा राज्य में खेल संस्कृति विकसित करने के अभियान से जोड़ने और इन खेलों को ग्रीन नेशनल गेम्स के रूप में आयोजित करने अवधारणा पर बल देते हुए मुख्य सचिव ने रिसाइक्लड मेडल के उपयोग के निर्देश दिए हैं।

राजकोट में बेन डकेट का शतक

इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन, दूसरे दिन भारत पहली पारी में 445 रनों पर सिमटी

राजकोट, 16 फरवरी। राजकोट में तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हुआ। राजकोट के निरंजन शाह क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रनों पर समिट गई। इसके बाद इंग्लैंड की टीम पहली पारी में बल्लेबाजी करने उतरी। जिसकी शुरुआत बेहतरीन रही। इंग्लिश टीम ने 2 विकेट खोकर 207 रन बना लिए हैं जबकि भारत अभी भी 238 रन आगे है।

भारत और इंग्लैंड के बीच राजकोट में तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हुआ। राजकोट के निरंजन शाह क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रनों पर समिट गई। इसके बाद इंग्लैंड की टीम पहली पारी में बल्लेबाजी करने उतरी। जिसकी शुरुआत बेहतरीन रही।

इंग्लिश टीम ने 2 विकेट खोकर 207 रन बना लिए हैं जबकि भारत अभी भी 238 रन आगे है। मेहमान टीम को तूफानी शुरुआत बेन डकेट और जैक क्रॉली ने दिलाई। हालांकि अश्विन ने भारत को पहली सफलता जैक क्रॉली के रूप में दिलाई। बेन डकेट ने शतक पूरा कर लिया है वहीं सिराज ने ओली पोप को पवेलियन भेज दिया है। जहां डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं।

उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, पांच चौके, एक छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब

238 रन पीछे है। इंग्लैंड के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि उसने अब तक 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। भारत ने पदार्पण कर रहे ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, दो चौके, तीन छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, छह चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए।

कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े। डकेट ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 19 चौकों की मदद से सिर्फ 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। इससे पहले अनुभवी ऑफ स्पिनर अश्विन पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। डकेट ने इंग्लैंड को तूफानी शुरुआत दिलाई।

उन्होंने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप यादव का स्वागत दो चौकों के साथ किया और फिर सिर्फ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अश्विन ने अपने दूसरे ही ओवर में क्राउली को आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। डकेट को इसके बाद पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। डकेट ने सिराज पर लगातार दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। वह हालांकि इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज की ओर से 86 गेंद में सबसे तेज शतक के क्राउली के रिकॉर्ड को तोड़ने से चूक गए। सिराज ने पोप को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत केपक्ष में गया।

इससे पहले बल्लेबाजों के पिच के बीच में दौड़ने के लिए भारत पर पांच रन का जुर्माना लगाया गया जिससे इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत बिना विकेट खोए पांच रन से की। सुबह के सत्र में दो विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी को संभाला। अश्विन बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रेहान अहमद (85 रन पर दो विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में खेल गए। जुरेल पदार्पण करते हुए अर्धशतक की ओर से बढ़ रहे थे लेकिन चार रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए तीन छक्के लगाए।

एनाबेल सदरलैंड ने रचा इतिहास, महिला टेस्ट क्रिकेट का सबसे तेज दोहरा शतक लगाया

नई दिल्ली, 16 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड ने इतिहास रच दिया है। एनाबेल ने टेस्ट क्रिकेट में नई ऊंचाइयां छूते हुए शानदार दोहरा शतक लगाया है। मैच के दूसरे दिन चाय के समय 200 रन बनाने के बाद एनाबेल सदरलैंड ने महिलाओं के टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शत लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड ने इतिहास रच दिया है। एनाबेल ने टेस्ट क्रिकेट में नई ऊंचाइयां छूते हुए शानदार दोहरा शतक लगाया है। मैच के दूसरे दिन चाय के समय 200 रन बनाने के बाद एनाबेल सदरलैंड ने महिलाओं के टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शत लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। बता दें कि, लंच ब्रेक के बाद सदरलैंड ने 113 रन से आगे खेलना शुरू किया और थके हुए दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी आक्रमण पर प्रहार जारी रखा। ड्रिंक्स के तुरंत बाद वह 150 के पार पहुंच गई थी। जिसके बाद उन्हें कोई भी

गेंदबाज रोकने में असफल रहा और उन्होंने 200 का आंकड़ा छू लिया। उन्होंने 248 गेंदों में अपना दोहरा शतक लगाया जो कि महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज डबल सेंचुरी है। एनाबेल से पहले ऑस्ट्रेलिया की ही कैरेन रोल्टन के नाम ये रिकॉर्ड दर्ज था। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 2001 में 306 गेंदों में डबल सेंचुरी पूरी की थी। इस प्रक्रिया में एनाबेल सदरलैंड दोहरा शतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की ऑस्ट्रेलियाई महिला भी बन गई है। सदरलैंड ने इस मैच में 210 रन बनाए और वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला बल्लेबाज बन गई हैं।

दीपा और प्रणति ने काहिरा जिम्नास्टिक विश्व कप के वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया



नई दिल्ली, 16 फरवरी। दीपा करमाकर और प्रणति नायक ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता एफआईजी अपरेटस विश्व कप के वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। रियो ओलंपिक 2016 में चौथे स्थान पर रहने वाली दीपा ने कुल 13.449 अंक जुटाये जिससे वह क्वालीफिकेशन राउंड में तीसरे स्थान पर रही और फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

भारत की स्टार जिमनास्ट दीपा करमाकर और प्रणति नायक ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता एफआईजी अपरेटस विश्व कप के वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। रियो ओलंपिक 2016 में चौथे स्थान पर रहने वाली दीपा ने कुल 13.449 अंक जुटाये जिससे वह क्वालीफिकेशन राउंड में तीसरे स्थान पर रही और फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

वहीं प्रणति नायक ने 13.166 अंक बनाये और वह सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंची। क्वालीफिकेशन राउंड से शीर्ष आठ जिमनास्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं। पिछले महीने दीपा ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में वापसी करते हुए 'ऑल राउंड' स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, इसके अलावा इस 30 साल की जिमनास्ट ने वॉल्ट और अनइवन बार्स में भी रजत पदक जीते थे।

दीपा ने डोपिंग उल्लघंन के लिए 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल जुलाई में वापसी की। वह अपनी स्पर्धा में चयन ट्रायल्स में शीर्ष पर रहने के बावजूद हांगझोउ एशियाई खेलों में नहीं जा सकी थीं क्योंकि वह खेल मंत्रालय के मानदंड को पूरा नहीं कर पायी थीं। प्रणति ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में वॉल्ट में स्वर्ण और बैलेंस बीम में कांस्य पदक जीता था।

गढ़वाल ने जीता दूसरी प्रीमियर लीग का खिताब

नयी दिल्ली 16 फरवरी। गढ़वाल हीरोज एफसी ने शुक्रवार को खेले गये निर्णायक मुकाबले में रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को एक गोल से हरा कर दूसरी प्रीमियर लीग का खिताब जीत लिया है। आज यहां गढ़वाल ने अपने आखिरी मुकाबले में इशाकबोक के दर्शनीय गोल से बढ़त बनाते हुए आखिर तक बरकरार रखा। दूसरा स्थान रॉयल रेंजर्स को मिला, जिसने अति महत्वपूर्ण मैच में गत विजेता वाटिका एफसी पर 2-0 की जीत दर्ज की।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (अनाज), चौमूँ (जयपुर)

क्रमांक-819-893 **निविदा सुचना** दिनाक-15-02-2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति में निम्नलिखित व्यवस्थायें / कार्य करवाने हेतु ठेके देने के लिये इच्छुक निविदादाता फर्मों / व्यक्तियों से दिनांक 09.02.2024 को प्रातः 11.30 बजे निविदा निकाली गई थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई थी तथा पून. निविदा दिनांक 28.02.2024 को 11.30 बजे तक निर्धारित निविदा प्रपत्र में बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. स.	कार्य/व्यवस्था का नाम	ठेके की अवधि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु. में)
1	किसान कलेवा योजना के संचालन हेतु	एक वर्ष	5.00
2	लेखन मुद्रण सामग्री (कार्यालय एवं व्यापारी)	एक वर्ष	1.60

प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 12.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हों) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से सम्बंधित अन्य विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें व जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन की जा सकती है।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
(अनाज) चौमूं जयपुर

नागल ने कोलमैन वोंग को हराया, बेंगलुरु ओपन के क्वार्टरफाइनल में

नई दिल्ली, 16 फरवरी। सुमित नागल ने गुरुवार को कोलमैन वांग से कड़ी चुनौती का सामना किया और एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले को जीतकर बेंगलुरू ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये। नागल ने हांगकांग के खिलाड़ी पर 6-2, 7-5 से जीत हासिल की। भारत के दूसरे वरीय सुमित नागल ने गुरुवार को कोलमैन वांग से कड़ी चुनौती का सामना किया और एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले को जीतकर बेंगलुरू ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये।

अश्विन 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने

राजकोट 16 फरवरी। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को जैक क्रॉली को आउट कर आर अश्विन ने 500 टेस्ट विकेट हासिल किया। इस विकेट के साथ ही अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले नौवें पुरुष और दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। 37 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने 98वें टेस्ट में यह कारनामा करने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज है । उल्लेखनीय है कि नवंबर 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन घरेलू धरती पर बेहतरीन प्रदर्शन रहा हैं।

हांगकांग को हराकर भारतीय महिला टीम ने ऐतिहासिक पदक सुनिश्चित किया

नई दिल्ली, 16 फरवरी। शुक्रवार को भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया।

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया।

अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी करते हुए सिंधू ने अपने से निचली रैंकिंग वाली लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-7, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज की। इसके बाद तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 35 मिनट में 21-10, 21-14 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]
कब्जा नोटिस
(अचल सम्पत्ति का)

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी हैं अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 20.04.2021 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. अजीत शर्मा, 2. सुमन शर्मा को जारी किया गया था, जिसमें 13.04.2021 को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 11,00,236.73/- (रूपये ग्यारह लाख दौ सौ छत्तीस और पैसा तिहत्तर मात्र) का भुगतान नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज फरवरी 2024 के 12वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशी रूपये 11,00,236.73/- (रूपये ग्यारह लाख दौ सौ छत्तीस और पैसा तिहत्तर मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

फ्लैट/यूनिट नं. एफ-303, क्षेत्रफल 570 वर्ग फिट, पहली मंजिल, प्लाट नं. जी-08, मंगलम सिटी विस्तार, ग्राम हाथोज, कलवाड रोड, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और प्लाट नं. जी-8 की सीमायें है- पूर्व-रोड 10 फिट, उत्तर-प्लाट नं. जी-7, पश्चिम-प्लाट नं. जी-11, दक्षिण-प्लाट नं. जी-9

दिनांक- 12 फरवरी 2024
स्थान- जयपुर
ऋण खाता संख्या- 12720512

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

क्रम संख्या	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम	सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि	सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सम्पत्ति का पता
1	48423078	सम्पत्ति पर ऋण	1. लखा राम 2. किशनी लखा	23.12.2023	3,64,561.43/-	प्लाट पट्टा नं.08, ग्राम पंचायत-श्रीरामपुरा, पंचायत समिति-दूदू, जयपुर, राजस्थान-303348 का पूरा व प्रत्येक भाग क्षेत्रफल 300 वर्ग गज अर्थात 2700 वर्ग फिट, और सीमायें है- पूर्व-स्वयं का प्लाट, पश्चिम-रतना राम/भूरा राम गुर्जर का मकान, उत्तर-वन्ना राम/भूरा राम गुर्जर का मकान, दक्षिण-आम रास्ता

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 17.02.2024
स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)